प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 17 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 12 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

जो भारत माता को अपमानित करे उन्हें नष्ट करने हमें संकल्ति होना चाहिये - रामभद्राचार्य जी

भगवान श्रीराम सर्वत्र है उन्होंने मनुष्य रूप धारण कर राक्षसो का नाश किया था, रामकथा के तीसरे दिने भगवान राम की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण किया स्वामी जी

ब्र हलीन पूज्य शंकराचार्य मुझसे बहुत स्नेह करते थे- रामभद्राचार्य

स्वामी जी ने भगवान श्रीराम की बाल कथाओं और अनुकरणीय संदेशों का उल्लेख करते हुये बताया कि भगवान श्री राम का संदेश संपूर्ण विश्व को सुरक्षा शांति और सुख देने वाला है । ब्र हलीन पूज्य स्वारूपानंद सरस्वती जी महाराज सरस्वती पुत्र थे वे मुझे अनेक बार बुलाते थे और मेरे लिखे हुये भाष्यों पर चर्चा करते थे मार्गदर्शी चर्चा और उनका सदैव मुझ पर स्नेह रहा है यह बात रामभद्राचार्य जी महाराज रामकथा के मंच से कही और उन्होंने कहा कि ब्र हलीन जगद्गुरू शंकराचार्य को पूज्य और अपना बड़ा भाई बताते हुये कहा कि ब्र हलीन शंकराचार्य जी उनसे बहुत स्नेह करते थे उनकी इस भूमि में पहुँचकर वे आनंदित है और सुख की अनुभूति कर रहे है उनकी इस पवित्र भूमि का स्मरण करते हुये रामभद्राचार्य जी ने उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

सिवनी यशोः- भगवान श्री राम ने पृथ्वी पर पाँच लोगो के लिये जन्म लिया यह पाँच थे ब्राह्मण, गाय, पृथ्वी, देवताओं एवं संत एवं भगवत भक्तों की रक्षा के लिये पृथ्वी हमारी माता है । अपनी जन्मदात्री माँ को भी पृथ्वी ही कहा जाता है भगवान श्रीराम की माता कौशल्या का राक्षस राज रावण ने एक समय में अपमान किया था तभी भगवान श्रीराम ने रावण को समूल नष्ट करने की प्रतिज्ञा ले ली थी ज्ञान वर्धक संबोधन श्रीराम कथा सुनाते हुए कथावाचक तुलसी पीठाधीश्वर रामनंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कथा के तीसरे दिन पालीटेक्निक ग्राऊंड में श्रोताओं से खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुये पतित पावनी श्रीरामकथा की रसधार का प्रवाह करते हुये कही।

स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कथा के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म तक की कथा का सुंदर वर्णन किया था उसी कथा को आगे बढाते हुये बाल लीलाओं का मनोहारी चित्रण करते हुये स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने मनुष्य रूप में अवतार लेकर अनेक हेतु सिद्ध किये उन्हीं में से एक था माता के अपमान का बदला लेना स्वामी जी इसी कथा को वर्तमान की परिस्थितियों से जोड़ते हुये कहा कि हमारी माता गाया और भारत माता का जो अपमान कर रहे है, धर्म को नष्ट करने के समर्थक राजनैतिक दल है उनका विनाश करने हमे सकल्प लेना चाहिये । स्वामी जी ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि आधुनिकता की चकाचौंध में आजकल के माता पिता अपने बालको का नामकरण करते समय नाम के महत्व को नजरांदाज कर देते है और अर्थहीन नामकरण करते है । स्वामी जी ने कथा के दौरान बताया कि भगवान श्रीराम ने जब अपने अंशो सहित जन्म लिया तो उनका नामकरण विद्वान आचार्यो ने किया और राजा दशरथ को बताया कि जो सर्वज्ञ है सर्वत्र है हर जगह रमते है सबमें रमते है आनंद के सागर है सुख राशि के धनी है उनका नाम राम है और राम राक्षसों का नाश करने वाले है अर्थात रक्षसी वृत्ति का नाश केवल उन्के नाम के स्मरण से होता रहे ऐसे प्रथम पुत्र का नाम राम है । विश्व का भरण पोषण करने की सामर्थ रखने वाले द्वितीय पुत्र जिनके नाम से इस देश का भारत होगा उनका नाम भरत है । स्वामी जी ने शास्त्रोक्त तीन भरत का उल्लेख करते हुये स्पष्ट किया किया कि उन्ही के कारण इस देश का नाम भारत है इंडिया नहीं भारत होने की बात का उन्होने सुंदर तरीके ससे उल्लेख किया । स्वामी जी बताया कि राजा दशरथ के तृतीय पुत्र के संबंध में आचार्यवर ने बताया कि लक्ष्णो को धारण करने वाले रामभय लक्षणों के धारक पुत्र का नाम लक्ष्मण है और यह पुत्र भगवान राम की पांचों भक्ति में पांचों लीलाओं में पांचों भक्ति में शामिल होने के लक्षणों वालो है इस लिये इसका नाम लक्ष्मण होगा तथा चौथे पुत्र के स्मरण मात्र से शत्रुओं का नाश होगा शुत्र इस नाम से भयभीत रहेंगे ऐसे चौथे पुत्र का नाम शत्रुघ्न होगा ।

स्वामी जी ने बताया कि भगवान राम इस संपूर्ण पृथ्वी की रक्षा के लिये संदेश देकर गये है और जिन पांच के लिये उन्होंने मनुष्य का रूप धारण किया था उस दिशा में भारत अग्रसर है जी - 20 को उन्होंने उसी दिशा में बढते कदम के रूप में बताया और कहा कि जी - 20 में इस बात पर जोर दिया गया है कि संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में देखा जाये ।

ब्र हलीन पूज्य शंकराचार्य मुझसे बहुत स्नेह करते थे

स्वामी जी ने भगवान श्रीराम की बाल कथाओं और अनुकरणीय संदेशों का उल्लेख करते हुये बताया कि भगवान श्री राम का संदेश संपूर्ण विश्व को सुरक्षा शांति और सुख देने वाला है महाराज श्री ने ब्र हलीन जगद्गुरू शंकराचार्य को पूज्य और अपना बड़ा भाई बताते हुये कहा कि ब्र हलीन शंकराचार्य जी उनसे बहुत स्नेह करते थे उनकी इस भूमि में पहुँचकर वे आनंदित है और सुख की अनुभूति कर रहे है उनकी इस पवित्र भूमि का स्मरण करते हुये रामभद्राचार्य जी ने उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

राम कथा सुनने बड़ी सं या में राम कथा अनुरागी पहुँचे श्रोताओं से पंडाल खचाखच भरा रहा है संगीत मय राम राम कथा को श्रोताओं ने संगीत के दौरान झूमते हुये सुना जय श्री राम के नारों से पंडाल गुंजायमान होते रहा है संगीतमय राम कथा में श्रोता भाव विभोर होकर कथा श्रवण कर रहे थे । कथा के आयोजक दिनेश राय मुनमुन ने सहित आमंत्रित अनेक समाज प्रमुखों के द्वारा कथाकार राम अनुरागी स्वामी रामभद्राचार्य जी की पदुका पूजन किया गया कथा में आरती के समय अनेक सामाजिकजनों की उपस्थिती रही ।

आजादी के 77 साल बाद केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के प्रयासों से बनने जा रहीं सड़को का किया भूमि पूजन

मोहगांव एवं खरसारु के 100 से अधिक युवाओं ने विधायक राकेश पाल सिंह के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया

केवलारी यशोः- सोमवार 11 सितंबर को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुकतरा में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने आजादी के 77 साल बाद बनने जा रही सड़को का भूमि पूजन किया । पिछले वर्षों में विधायक श्री पाल के समक्ष ग्रामवासियों द्वारा सुकतरा से जौहरी टोला एवं गंगाटोला से सुकतरा की सड़कों की माँग रखी जा रहीं थी । सुकतरा से जौहरी टोला की ओर ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य जिसकी ल बाई 3 किलोमीटर हैं इस सड़क का निर्माण 49.90 रुपये किया लागत से किया जाएगा। गंगाटोला से सुकतरा की ओर ग्रेवल सड़क का निर्माण जिसकी ल बाई 2 किलोमीटर हैं जिसकी लागत 34.99 रुपये से किया जाएगा। विधायक श्री पाल दोनों सड़को के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया।

विधायक केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राकेश पाल सिंह में केवलारी मंडल अंतर्गत ग्राम मोहगांव में विधायक निधि से निर्माण हेतु सभा मंच का शिलान्यास किया। केवलारी विधायक श्री पाल ने जन सभा को संबोधित करते हुये कहा किसानों को उनकी फ़सल का उचित मूल्य भारतीय जनता पार्टी ने दिया। हर घर नल की टोटी के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की

सरकार ने दिया है। श्री पाल ने कहा कि 24 घंटे बिजली मिल रही हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसानों को 10 घंटे सिचाई हेतु बिजली मिल रहा है उन्होंने कहा कि आज बच्चियां बोझ नही हैं। बिटिया को लाड़ली बिटिया किसने बनाया मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने बनाया। बच्चियों की पढ़ाई लिखाई उनके बस्ते का खर्च उनके पढ़ाई का खर्च माननीय मु यमंत्री जी ने लिया। लाड़ली बच्चियों के जन्म से लेकर विवाह तक का खर्च उनके मामा माननीय मु यमंत्री जी दे रहें। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से उनके आत्मस मान के खाते में 1000 रुपये डाला जा रहा हैं जो अे टूबर माह से 1250 रुपये कर दी गई हैं जो भविष्य में बढ़कर 3000 रुपये कर दी जाएंगी। ये बहनों आपके आत्म स मान की राशि हैं। आप अपने लिए अपने बच्चों के इस राशि का उपयोग कर सकते है।हमारा लक्ष्य हैं हम अंतिम छोर में रहने वाले व्यक्ति की सेवा करेंगे। अंतिम छोर में रहने वाले व्यक्ति का उत्थान करना हमारा लक्ष्य हैं। केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं। इस दौरान बड़ी सं या में युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

घसियारी मोहल्ला सिवनी में आज भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गयी यह झांकी जन्माष्टमी पर्व पर रखी गयी थी जिसका आज समापन किया गया श्रद्धा भक्ति भाव से झांकी का नगर के अनेक क्षेत्रों में भ्रमण किया गया ।

जी-20 में दिखी नए भारत की तस्वीर, मोदी जी के नेतृत्व में बुलंदियों पर पहुंचा भारतः अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री ने सिवनी की पत्रकारवार्ता में कहा- विकास को सामने रखकर जनता से मांगेंगे आशीर्वाद

सिवनी यशोः- जी-20 समिट का सफल आयोजन देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। तमाम तरह की चुनौतियों और तनावों के बीच दुनिया के 20 ताकतवर देशों को एक साथ लाने और उनके बीच सहमति बनाने का चुनौतीपूर्ण कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने कर दिखाया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आज ऐतिहासिक बुलंदियां हासिल कर रहा है और जी-20 समिट में भी सारी दुनिया ने नए भारत की बुलंद तस्वीर को देखा है। आज सारी दुनिया भारत को उ मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह बात केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने सिवनी में महाकोशल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ के पूर्व पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

चुनाव जीतने के लिए हिंदू विरोधियों का उपयोग कर रही कांग्रेस

केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हर दिन कांग्रेस का कोई नेता सनातन को गाली देता है। कांग्रेस का जो ठगबंधन बना है, उसमें ऐसे दल और नेता शामिल हैं, जो वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है और चुनाव जीतने के लिए उन लोगों और दलों का उपयोग कर रही है, जो हिंदू विरोधी हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता हिंदुओं के खिलाफ बोलने वाले, सनातन धर्म पर प्रहार करने वाले इन नेताओं को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी।

देश के सांस्कृतिक वैभव को बढ़ा रही भाजपा की सरकारें

अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक तरफ जहां घमंडिया गठबंधन के लोग हिंदुत्व को अपमानित कर रहे हैं, वहीं भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें देश के सांस्कृतिक वैभव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। उज्जैन में दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण हुआ है। ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा का निर्माण हो रहा है। मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के विकास की घोषणा भी की है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, देश में भव्य सोमनाथ धाम, केदारनाथ धाम और काशी कॉरीडोर का विकास हुआ है।उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में हो रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारों को बधाई देता हूं।

भाजपा की सरकार ने किया मध्यप्रदेश का कायाकल्प

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं विशेष तौर पर 18 से 25 वर्ष आयु समूह के उन युवाओं से बात करना चाहता हूं, जिनमें से अधिकांश ने वह दौर देखा नहीं होगा। उन्होंने प्रदेश की वो टूटी फूटी सड़कें नहीं देखी होंगी, प्रदेश में सिंचाई की स्थिति और खेती बाड़ी की दुर्दशा भी उन्होंने नहीं देखी होगी। बिजली के अभाव में उन युवाओं ने लालटेन की रोशनी में पढ़ाई नहीं की होगी। लेकिन यह सच है। आज से लगभग 20 साल पहले कांग्रेस की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। जनता सिर्फ 7 लाख हे टर भूमि में सिंचाई होती थी, आज वह बढ़कर 47 लाख हे टेयर हो गई है। प्रदेश के लोगों ने एक सही निर्णय लिया और 2003 के बाद बनी भाजपा की सरकार ने यह दिखा दिया कि कैसे एक सही निर्णय और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास प्रदेश का कायाकल्प कर सकता है। उस समय विकास दरकाफी कम थी, आज 16 प्रतिशत के लगभग है। कृषि विकास दर जो न के बराबर थी, 18 प्रतिशत के आसपास चल रही है। प्रति व्यक्ति आय रूपए 12000 थी, अब 140000 रुपए हो गई है। तब बजट का आकार लगभग 23000 करोड रुपए होता था, आज यह 314000 करोड़ रूपया हो गया है। सकल घरेलू उत्पाद जो 86 हजार करोड़ रुपये था, अब 13 लाख 22 हजार करोड रुपए है। प्रदेश में 2002 के पूर्व जहां 61000 किलोमीटर टूटी फूटी सड़कें थी, आज 5 लाख 11000 किलोमीटर से ज्यादा अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कें उपलब्ध हैं। उस समय को पहले इलाज के लिए मुंबई और नागपुर जाना पड़ता था, आज म.प्र. में 30 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें पढ़कर प्रदेश के युवाओं को डॉ टर बनने का अवसर मिलेगा।

हर वर्ग के कल्याण का प्रयास कर रही मध्यप्रदेश सरकार

ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रयास कर रही है। जनजातीय बंधुओं को अधिकार देने के लिए पेसा ऐ ट लागू किया गया और अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना जैसी योजनाओं से बेटियों, महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रयास किए जा रहे हैं। 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने पर लेपटॉप की सुविधा देने वाला मध्यप्रदेश संभवतः इकलौता प्रदेश है। पीएम स्वनिधि योजना में रेहड़ी, फेरी वालों को मदद देने में मध्यप्रदेश आगे है। आयुष्मान कार्ड योजना में 5 लाख तक का इलाज मु त में मध्यप्रदेश आगे है। किसान कल्याणकारी योजनाओं की बात करें तो प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार 6000 प्रतिवर्ष किसान स मान निधि करोड़ों किसानों के खाते में दे रही है, वहीं मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार भी 6000 दे रही है। इस तरह 12000 किसानों को सालाना मिल रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि हम मध्यप्रदेश में हुए विकास और जनहित की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएंगे और भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के लिए जनता से आशीर्वाद मांगेंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर की इस पत्रकार वार्ता के दौरान यात्रा के संभागीय प्रभारी सांसद राव उदय सिंह, यात्रा के सह प्रभारी श्री अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे, सिवनी बालाघाट सांसद डॉ टर ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, सह मंडिया प्रभारी श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

जबरन नॉलेज

राम नाम की लूट मची है
काका
हा हा हा ....

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल ि लक से भेजे 1269 करोड़

***लाड़ली बहनों को 450 रूपये में गैस सिलेंडर**

***लाड़ली बहना आवास योजना में बहनों को मिलेगा पक्का घर**

***12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को मिलेंगे 25 हजार**

***लाड़ली बहना योजना केवल योजना नहीं एक आंदोलन है**

***387 करोड़ के विकास कार्यो की ग्वालियर को सौगात**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि योजना बनाकर लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। बाकी पैसे राज्य सरकार भरेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन गरीब बहनों के नाम छूट गए हैं उन बहनों से आवेदन लेकर ÷लाड़ली बहना आवास योजना÷ में उनका पक्का घर बनाया जाएगा। जिन गरीब लाड़ली बहनों के बिजली के बढ़े हुए बिल आए हैं उनके बढ़े बिल सरकार भरेगी। बढ़े हुए बिजली बिलों को इस महीने तक जीरो कर दिया जाएगा और अगले महीने से जिन बहनों की बिजली खपत एक किलोवाट से कम है उनके बिल सिर्फ ?100 आएंगे। अगले साल से 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले बच्चों के खाते में 25 हजार डाले जाएंगे। बारहवीं कक्षा में गांव और शहर के स्कूल में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक लाएंगे उन्हें स्कूटी दी जाएगी।

मु यमंत्री ने ये घोषणाएं आज ग्वालियर में लाड़ली बहना स मेलन में की। उन्होंने 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल ि लक से 1269 करोड़ रूपये भेजे। मु यमंत्री ने ग्वालियर को 387 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी।

श्री चौहान ने कहा कि सवा करोड़ लाड़ली बहनों का परिवार अब और भी बड़ा हो गया है। अब 21 से 23 साल की विवाहित बहनें एवं घर में ट्रे टर होने के कारण जो बहनें योजना का लाभ पाने से वंचित रह गई थीं, उन्हें जोड़कर अब यह परिवार लगभग 1.31 करोड़ बहनों का हो गया है।

लाड़ली बहनों को 450 रूपये में मिलेगा गैस सिलेंडर

मु यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आ रहा है। कई बहनों ने स्वयं के व्यवसाय आरंभ किए हैं। अे ट्रबर माह से बहनों को 1250 रूपए प्रतिमाह जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गैस सिलेन्डर पर 200 रूपए कम किए हैं। हमने सावन में 450 रुपए में गैस सिलेन्डर उपलब्ध कराने का कहा था। इसी क्रम में प्रदेश में एक योजना लागू की जा रही है, जिसके अंतर्गत बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेन्डर देने की व्यवस्था होगी और शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

महिलाओं के स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का दायरा बढ़ा

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना केवल योजना नहीं बल्कि एक आंदोलन है। यह आंदोलन है, बहनों के दुःख दूर करने, उनकी जिंदगी खुशहाल बनाने, उन्हें मजबूत नहीं मजबूत बनाने और उनकी जिंदगी बदलने का। बहनों का स्नेह और प्रेम मेरे लिए बिना थके, बिना रूके काम करने की प्रेरणा है।

हमारी सरकार बहनों की आमदनी हर महीने 10 हजार रूपए करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। महिलाओं के स्व-सहायता समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के तीन टोल टै स नाके चलाने तक की जि मेदारी भी बहनों को दी गई है। टोल टै स से संकलित राशि का 30 प्रतिशत बहनों को दिया जाएगा।

ईश्वर कृ पा और बहनों के आशीर्वाद से हुई वर्षा

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने महाकाल महाराज से प्रदेश में पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना की है, आज अचलेश्वर महादेव मंदिर पर भी वर्षा के लिए माथा टेका है। ईश्वर कृपा और आप सब बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में वर्षा हो रही है।

हमारी सरकार प्रदेश में गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों की पढ़ाई, युवाओं को रोजगार, परिवारों के लिए आवास, गरीबों के इलाज और उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। महिलाओं के मान -स मान की सुरक्षा के लिए सजगता और दुखें पर कठोर कार्रवाई जारी हैं। लाड़ली बहना सेना भी बहनों की जिंदगी बदलने के लिए सक्रिय है।

प्रदेश ने की अभूतपूर्व प्रगति

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मु यमंत्री श्री चौहान महिलाओं, बालिकाओं के सशक्तिकरण, विद्यार्थियों की पढ़ाई और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संवेदनशीलता से सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने 186 गाँवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 344 करोड़ रुपए लागत की घाटीगांव परियोजना के शिलान्यास तथा अन्य निर्माण कार्यों के लिए मु यमंत्री श्री चौहान का आभार माना।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि समाज में बेटी को बोझ माना जाता था लेकिन मु यमंत्री श्री चौहान ने सामाजिक परिवर्तन की सोच और इस दिशा में किए गए कार्यों से बेटियों संबंधी प्रदेशवासियों के दृष्टिकोण को बदला है। महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव स्पष्ट दिख रहा है। मु यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर की पेयजल व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

विकास कार्यों का लोकार्पण

मु यमंत्री श्री चौहान ने लगभग 4 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से सिरोल क्षेत्र में बने यातायात पार्क, ट्रैफिक एज्यूकेशन सेंटर और ट्रेनीज हॉस्टल, 3 करोड़ रूपए की लागत से 13वीं वाहिनी एसएएफ में बने स्वीमिंग पूल, एक करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित थाना भवन गिरवाई, 9 करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से गार्वेज ट्रांसफर स्टेशन गौशाला और जलालपुर, 7 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरार क्र.-1 के 100 सीटर बालक और 100 सीटर बालिका छात्रावास, 7 करोड़ 72 लाख से निर्मित मॉडल स्कूल डबरा एवं 100 सीटर बालक और 100 सीटर बालिका छात्रावास, 48 लाख रूपए की लागत से बने महिला बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर और 3 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से शाडभावि हस्टिर्शन में निर्मित 50 ङ्क 50 सीटर बालक व बालिका छात्रावास का वर्चुअल लोकार्पण किया।

निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन

मु यमंत्री श्री चौहान ने लगभग 144 करोड़ रूपए से अधिक लागत से होने जा रहे पवित्र स्थल भदावना के सौंदर्यीकरण व विकास, 60 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से काशी बाबा सिद्ध क्षेत्र में पार्किंग, पाथ-वे, जन सुविधा केन्द्र व अन्य विकास कार्य, 61 करोड़ 7 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहे शासकीय कन्या उमावि पद्मा के भवन, लगभग 40 करोड़ की लागत से बनने जा रहे शासकीय मॉडल उमावि भितरवार के भवन, 3 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान से गोविंदपुरी चौराहे तक डामरीकृत सड़क, ग्वालियर शहर के वार्ड ङ्क 64 के अंतर्गत एक करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही रेशमपुरा की पुलिया से टेहलरी व सिगौरा चौक तक डामरीकृत सड़क व चौड़ीकरण कार्य, 2 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से शताब्दीपुरम की विभिन्न गलियों के डामरीकरण व नाली निर्माण कार्य, एक करोड़ 91 लाख रूपए लागत से औद्योगिक क्षेत्र गोसपुरा में सीमेंट-कंक्रीट रोड़ व आरसीसी इत्यादि कार्य, लगभग 2 करोड़ की लागत से ग्राम सालवई, लगभग 3 करोड़ 12 लाख की लागत से ग्राम गिजौरी व 2 करोड़ 84 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहे 5 एमवीए 33/11 केव्ही के विद्युत उपकेन्द्र, चीनौर में 5 करोड़ 74 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहे छ- बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उन्नयन कार्य का भूमि-पूजन भी किया।

जनदर्शन में उमड़ा जन सैलाब

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर की जन-दर्शन यात्रा में उमड़े अपार जन-समूहों ने पुष्प-वर्षा और ढोल-ढमाकों के साथ भव्य स्वागत किया। जन दर्शन यात्रा (रोड शो) के दौरान भारत माता की जय और वंदे-मातरम के घोष के बीच आगे बढ़ते मु यमंत्री श्री चौहान के विकास रथ का घरों की छतों, स्वागत मंचों से पुष्प-वर्षा के साथ स्वागत होता रहा। सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने उत्साह के साथ मु यमंत्री का स्वागत किया। मु यमंत्री से जनदर्शन के दौरान लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना सेना, संबल योजना, किसान स मान निधि और आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राहियों, स्व-सहायता समूहों की दीदियाँ, युवा उद्यमी व सीखो-कमाओ योजना से लाभान्वित युवा, पीएम स्वनिधि से लाभान्वित हितग्राही, स्कूटी वितरण से लाभान्वित विद्यार्थी, उज्ज्वला गैस कने शन से लाभान्वित हितग्राही और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने भेंट की।

मु यमंत्री श्री चौहान से रोटरी लब, ग्राम रोजगार सहायक, पेट्रोल प प एसोसिएशन, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं उभरती हुई अन्य खेल प्रतिभाएँ, दवा व्यापारी संगठन, अधिवक्ता परिषद, दाल बाजार व्यापार समिति, कैट संगठन, जेसीआई ` लब, संविदा कर्मचारी व अतिथि शिक्षकों ने भी भेंट की तथा स्वागत किया।

12 सितंबर से 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा, शिक्षक फोटोकापी कराकर बाटेंगे प्रश्नपत्र

भोपाल । सरकारी स्कूलों के नौवीं से 12वीं कक्षा की तिमाही परीक्षाएं 12 सितंबर से आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं 21 सितंबर तक चलेंगी। इसके लिए प्राचार्यों के लाग इन में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) द्वारा सोमवार को प्रश्नपत्र भेजा जाएगा। सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रश्नपत्र की फोटोकापी या प्रिंटिंग कराने के लिए एक शिक्षक को जि मेदारी दी जाए। जिन स्कूलों में फोटोकापी मशीन नहीं होंगी, वहां शिक्षक दुकान पर जाकर प्रश्नपत्र की फोटो कापी कराकर विद्यार्थियों को वितरित करेंगे। इस दौरान शिक्षक को यह भी ध्यान रखना होगा कि फोटोकापी करने वाला प्रश्नपत्र को सेव ना कर लें। साथ ही एक भी प्रश्नपत्र वहां नहीं छूटे।

बदले हुए पैटर्न पर होगी परीक्षा

तिमाही की परीक्षा बदले हुए पैटर्न पर होगी। इन परीक्षाओं में करीब 35 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल का रिजल्ट सुधारने के लिए तिमाही और छमाही परीक्षाओं को बोर्ड पैटर्न पर आयोजित किया जा रहा है। ये पेपर वार्षिक परीक्षा की तरह होंगे। इसके पांच अंक वार्षिक परीक्षा में भी जोड़े जाएंगे।

विद्यार्थियों को 30 मिनट पहले पहुंचना होगा

नौवीं एवं 10वीं का पहला पेपर अंग्रेजी का होगा। वहीं 11वीं व 12वीं के विद्यार्थी पहला पेपर मनोविज्ञान का देंगे। परीक्षा के लिए विद्यार्थी को 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और पांच मिनट पहले पेपर दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 12 से 21 सितंबर के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार करा सकेंगे। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। हालांकि कुछ कक्षाओं के पेपर दोपहर दो से पांच बजे के बीच भी होंगे। विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं की प्रैं टस के लिए इन परीक्षाओं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित किया जाएगा।

BJP कार्यकर्ता की सड़क हादसे में मौत, दो लोग घायल

जबलपुर। जबलपुर में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई तथा दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए।

ननुसर चौकी प्रभारी गणेश तोमर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पौड़ी निवासी बृजेश पटेल उम्र 23 साल अपने साथी अमन पटेल तथा जितेंद्र दाडिया के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। नुनसर चौराहे के आगे दोपहर डेढ़ बजे अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसके कारण तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा गया। डॉ टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद बृजेश को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों की स्थिति स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सफलता की कहानी

प्राकृतिक खेती अपना कर पूरनलाल कमा रहे हैं सालाना 5 लाख

भोपाल। छिंदवाड़ा जिले के हर्रई विकासखण्ड के ग्राम भुमका के प्रगतिशील किसान पूरनलाल इनवाती ने प्राकृतिक खेती को अपना कर अपनी अलग पहचान बनाई है। पूरनलाल पिछले 6 साल से बिना रसायनों के प्रयोग के प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इससे उनकी लागत में कमी आई है और खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य भी सुधरा है। उनके खेत में पैदा होने वाले अनाज, सब्जी और फलों की माँग बढ़ी है।

पूरनलाल बताते हैं कि प्राकृतिक खेती की प्रेरणा भोपाल में प्रशिक्षण के दौरान मिली थी। शुरूआत में प्राकृतिक खेती की शुरूआत आधे एकड़ से शुरू की थी। अब धीरे-धीरे बढ़ा कर पूरे 6 एकड़ रकबे में कर रहे है। वे बताते हैं कि उन्हें वर्षभर में 5 लाख रूपये की आमदनी हो जाती है। पहले रसायनों, कीटनाशकों के प्रयोग से एक एकड़ में 14 से 15 हजार रूपये का खर्च आता था। अब जीवन अमृत के उपयोग से 80 रूपये प्रति एकड़ का खर्च आता है। पूरनलाल ने किसान-कल्याण और उद्यानिकी विभाग की नलकूप खनन, स्प्रिंकलर पाइप-लाइन, ड्रिप इरीगेशन, मछली बीज योजना और जंगली जानवरों से बचाव के लिये कॉप गार्ड यंत्र योजना का लाभ भी लिया है। यही नही अपने खेत में खेत-तालाब योजना में तालाब का निर्माण भी किया है।

प्रगतिशील किसान पूरनलाल ने प्राकृतिक खेती को अपना कर एक एकड़ में केले की खेती, 2 एकड़ में टमाटर एवं अन्य सब्जियाँ और 2 एकड़ में मक्के की खेती करने के साथ ही फलदार पौधे भी लगाये हैं। उनके काम को देखते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

छिंदवाड़ा से जबलपुर जा रही बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

जबलपुर। छिंदवाड़ा से जबलपुर जा रही एसएमटी की बस हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि यह बस यात्रियों को लेकर छिंदवाड़ा से जबलपुर जा रही थी तभी अचानक चौरई के चांद बायपास पर बस का पिछला पहिया फूट गया, और अचानक बस अनियंत्रित होकर लहराने लगी, टायर फूटने की आवाज आते ही ड्राइवर ने सड़क की स्पीड स्लो करते हुए उसे रोकने का प्रयास किया तभी अचानक पीछे से बस में आग की लपटें दिखाई देने लगी, जिसके बाद तत्काल बस रोकी गई और यात्रियों को बाहर उतरने के लिए कहा गया। यात्रियों ने भी तत्परता दिखाई और उससे नीचे उतर आए, इससे पहले की कोई कुछ कर पाता

आग की लपटों ने पूरी बस को घेर लिया, और देखते ही देखते एक घंटे के भीतर पूरी बस कबाड़ में तब्दील हो गई थी। चौरई पुलिस ने बताया कि छिन्दवाड़ा से जबलपुर जा रही बस क्रमांक स्क्ष28 क्ष369 स्क्ष ट्रेवल्स में चौरई बायपास पर टायर फटने के बाद आग लग गयी। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर है आग बुझाई जा रही है। हालांकि सूचना के बाद दमकल भी यहां पहुंच चुकी थी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी था बस पूरी तरह से आग के आगोश में समा गई थी।

नहीं बचाया जा सका यात्रियों का सामान

बस में भले ही किसी भी तरह से यात्री को कोई हानि नहीं पहुंची लेकिन बस की डिक्की में रखा हुआ लगेज नहीं बचाया जा सका, दरअसल बस रुकने के तुरंत बाद आग की लपटे इतनी उग्र हो गई थी कि कोई भी बस के पास जाने की जहमत नहीं उठा पा रहा था।

विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव का समापन

नरेला रक्षाबंधन उत्सव- चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रचा नया कीर्तिमान

इस साल 1 लाख 41 हज़ार 324 बहनों से बंधवाये रक्षासूत्र

नरेला विधानसभा में घर-घर कमल खिलायेगी "विश्वास विजय वाहिनी"

भोपाल। विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन उत्सव का रविवार को समापन हुआ। इस वर्ष चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग को रिकॉर्ड 1 लाख 41 हज़ार 324 बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर नवीन कीर्तिमान स्थापित किया है। विगत 14 वर्षों से नरेला विधानसभा में आयोजित किये जा रहे विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन उत्सव में क्षेत्र के प्रत्येक 17 वार्ड में हज़ारों बहनों ने मंत्री सारंग के दोनों हाथों में रक्षासूत्र बांधे।

बहनों का स्नेह देखकर हुए भाव विभोर

मंत्री श्री सारंग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष 1 लाख 12 हज़ार से अधिक बहनों ने राखी बांधी थी। वहीं इस वर्ष यह सं या और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि नरेला परिवार की बहनें हर वर्ष हजारों की सं या में पहुंचकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करती है। यही मुझे क्षेत्र के समग्र विकास के लिये शक्ति प्रदान करता है।

नरेला विधानसभा में बनेगी ÷विश्वास विजय वाहिनी÷

मंत्री श्री सारंग ने बहनों से संवाद के दौरान कहा कि 2008 के पहले के नरेला में और आज के नरेला में अंतर स्पष्ट रूप से नज़र आता है। उन्होंने कहा कि इसके लिये ÷विश्वास विजय वाहिनी÷ का गठन किया जायेगा। इससे जुड़ने के लिये 8000617207 पर मिस्ड कॉल करना होगा।

अंतिम दिन बहनों का उमड़ा जनसैलाब

नरेला रक्षाबंधन उत्सव के अंतिम दिन बारिश के बीच भी बहनों का उत्साह कम नहीं हुआ। नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 38 में आयोजित कार्यक्रम में सभी बहनें अपने भैया विश्वास सारंग को रक्षासूत्र बांधने के लिये बड़ी आतुर थी। मंत्री श्री सारंग के कार्यक्रम स्थल पहुँचते ही सभी बहनों ने उनपर पुष्पवर्षा कर उनका स्नेहील स्वागत किया। श्री सारंग ने सभी बहनों अभिवादन स्वीकार किया एवं आभार प्रकट किया। राखी बांधने आयी बहनों को उम्हार स्वरूप छाता दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के खेलने के लिये झूले भी लगाये गए थे।

टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड, 1 लाख 41 हजार 234 बहनों ने बांधी राखी

विगत 14 वर्षों से विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन उत्सव में हजारों की सं या में प्रतिवर्ष मंत्री श्री सारंग को रक्षा-सूत्र बांधने पहुंचती हैं। पिछले वर्ष हुए आयोजन में 1 लाख 12 हज़ार से अधिक बहनें शामिल हुई थीं। वहीं इसवार रिकॉर्ड 1 लाख 41 हजार 324 से अधिक बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा-सूत्र बांधें हैं। उल्लेखनीय है कि यह रक्षाबंधन उत्सव विश्व रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।

बग्गी के साथ हुआ भव्य स्वागत

वार्ड 38 एकतापुरी दशहरा मैदान स्थित मु य कार्यक्रम स्थल पहुंचने के पहले सेमरा मंडी चौराहे से लेकर एकतापुरी तक मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया गया। यहां कार्यकर्ताओं द्वारा बग्गी के साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर रैली निकाली गई।

विहिप के बैनर तले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की

गंजबासौदा। हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से विश्व हिन्दु परिषद के बैनर तले भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का सभी सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर रथ में सवार भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर उनसे क्षेत्र के कुशल मंगल की कामना भी की गई। भगवान ने प्रसाद स्वरूप नगर में वर्षा कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नगर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया

गया। जहां घरों में पूरे विधि विधान के साथ जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई । विहिप द्वारा निकाली गई शोभायात्रा गांधी चौक से सावरकर चौक, सिटी थाना रोड, जयस्तंभ चौक, आ बेडकर चौक, नेहरू चौक से होती हुई स्टेशन के श्रीहनुमान मंदिर पहुंची जहां पूजन-अर्चन के बाद इसका समापन किया गया। अस्पताल के सामने नगर पालिका परिषद ने टेंट लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों के जलपान की व्यवस्था करवाई।

कृष्ण और राधा के रूप में बच्चे आये सामने

भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली इस शोभायात्रा में सबसे आगे दो बालिकाएं अश्व पर सवार होकर ध्वज पताकाएं लेकर चल रहीं थीं। वहीं उनके पीछे डीजे की धुनों पर बजने वाले भजनों पर श्रद्धालु और स्वाजातिय बंधु नाचते गाते शामिल थे। इसी क्रम में विभिन्न रथों पर बालक बालिकाएं भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी का भेष धारण किए हुए बैठे थे। जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बने। इसी बीच दिलदिल घोडी का नृत्य दिखाते हुए ग्रामीण जन ढपलों की थाप और देशी भजन पर नृत्य कर रहे थे।

करतब और नृत्य ने मन मोहा

शोभायात्रा में बाहर आए कलाकारों ने भगवान शिव और पार्वती का रूप धारण किया हुआ था। ये कलाकार एक ढले में सवार थे और राधे राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो पर नाचते गाते सभी का मन मोह रहे थे। वहीं यादव समाज, विहिप बजरंगदल आदि के युवा, बडे और बुजुर्गों ने भी शोभायात्रा में कई हैरतअंगेज करतब दिखाकर अपनी कला और कौशल का परिचय दिया। इस बीच जीप में सवार युवाओं ने तोप की मदद लेकर जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर सभी का अभिनंदन किया।

जनजातीय विद्यार्थियों ने दिया अपनी आदिम कला का परिचय

***राज्य स्तरीय ई.एम.आर.एस. सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम में प्रदेश के 250 विद्यार्थी हुए शामिल**

***अ टूबर में देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा**

भोपाल। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) में राज्य स्तरीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव में जनजातीय विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुरुकुलम) में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये 63 ई.एम.आर.एस. के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जनजातीय विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, समूह गान, वादन, एकल गायन, नाटक, एकल नृत्य, चित्रकारी, शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायन, जनजातीय लोककथा वाचन, तात्कालिक भाषण, स्पेलबी, वाद-विवाद, वाचन, सृजनात्मक लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि विधाओं में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। राज्य स्तर पर चयनित होने वाले विद्यार्थी 3 अे टूबर को देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सीखने-संवरने के अवसरों का उपयोग करें जनजातीय विद्यार्थी- पं. गुंदेचा

प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक गुरु पंडित उमाकांत गुंदेचा ने कहा कि आपको अपनी प्रतिभा और कला से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करना है। विद्यार्थी जीवन में कला को निखारने का अनमोल अवसर देता है। सीखने, समझने और संवरने के अवसरों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। संगीत निर्माता व निर्देशक उमेश तरकशवार और डॉ. वीनस बतौर निर्णायक व अन्य मार्गदर्शक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश स्तर पर 10 दिवसीय मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

विहिप की शौर्य यात्रा 18 को होगी आरंभ

सिवनी यशोः- विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की शौर्य यात्रा सिवनी जिले की शौर्य यात्रा रथ 18 सितंबर को राम मंदिर शुक्रवारी चौक पर भगवान श्री राम का पूजन कर यात्रा प्रारंभ होगी जो राम मंदिर से होते हुए गोपालगंज, कुर्रा, बरसाट, ज्ञाली, केवलारी, कानीवाड़ा, भोमा, बंडोल, बांकी, गुरु धाम दिघोरी, जाम हनुमान मंदिर, ढाना, मातृ धाम कातलबोडी, सिवनी पहुंचेगी। 22 सितंबर को सिवनी में सभा कर यह यात्रा जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

इस दौरान यह यात्रा संपूर्ण जिला का भ्रमण करेगी। यात्रा सिवनी जिले के इतिहासिक स्थलो, शहीदो के जन्म स्थलो, नये पुराने मंठ मंदिरो से होते हुए, संपूर्ण जिला का भ्रमण करेंगी। जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने बतया कि यह यात्रा 10 सितंबर से 22 सितंबर तक महाकौशल प्रांत के संपूर्ण 34 जिले भ्रमण कर जबलपुर केंद्र पर विशाल सभा में समाप्त हो जाएगी। इस यात्रा में सभी जिले की विभाग की उप यात्रा इसमें शामिल होगें।

सिवनी साउंड ऑर्गनाइजर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने पिंकी

सिवनी यशोः- राज शशि लॉन सिवनी में साउंड ऑर्गेनाइजेशन संगठन के चुनाव गत दिवस 10 सितंबर को स पन्न हुए, जिसमे अध्यक्ष पद हेतु अफरोज खान, शरद साहू, पिंकी उपाध्याय उ मीदवार रहे।

बताया गया कि इस चुनाव में पिंकी उपाध्याय ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजयी हुए एवं उपाध्यक्ष पद हेतु रिंकू विश्वकर्मा, दिनेश सोनकेसरिया, कन्हैया यादव उ मीदवार थे जिसमें कन्हैया यादव ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की वही सह सचिव पद हेतु आशीष दुबे ,कोषाध्यक्ष पद हेतु विनय गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। निष्पक्ष एवं सफल चुनाव संपादित कराने में सचिव संतोष ठाकुर विधिक सलाहकार विशाल निखारे एवं वरिष्ठ सदस्य कमलेश चौहान की अहम भूमिका और सहारनीय योगदान रहा।

कले टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 11 सित बर को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पंवान नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सौरभ चनप, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों, जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल ने जनसुनवाई के आवेदनों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को हर स भव आवेदनों का एक सप्ताह समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

दिए। इसी तरह उन्होंने सीएम मॉनिट, सांसद एवं विधायकगणों सहित विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान जिले की नगरीय निकायों में अवैध कॉलोनियों के वैध किए जाने की योजना में अपेक्षाकृत कार्यवाही न किया जाना पाए जाने पर कले टर श्री सिंघल ने मु य नगरपालिका अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा आगामी आदेश तक सभी सीएमओ के वेतन आहरण पर रोक लगाए जाने के आदेश दिए। कले टर श्री सिंघल ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए से टर अधिकारियों के रूप में नियुक्त सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने से टर के बीएलओ के स पर्क में रहकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करावाएं। सभी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से न छूटे। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने मु यमंत्री सीखों कमाओं योजना, मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा डीपीसी को आवश्यक दस्तावेज के कारण लंबित छात्र-छात्राओं के के आवेदनों के निराकरण के लिए तत्काल अपेक्षित दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलास्तरीय रोजगार मेला स्मृति लॉन में आज

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयु त तत्वाधान में मंगलवार 12 सित बर 23 को स्थानीय स्मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिलास्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एंर्ड सकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

जिले के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु सीमा के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, 2 पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

अन्न उत्सव कार्यक्रम 13 से 15 सित बर तक

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगामी 13, 14 एवं 15 सित बर 2023 को अन्न उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिले की सभी 701 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में किया जाएगा तथा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत स मिलित पात्र परिवारों को पात्रता अनुसार राशन सामग्री वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मॉनिटरिंग के लिए जिले में उचित मूल्य दुकानवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही सभी उचित मूल्य दुकानों में उत्सव दिवस में खुला रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

मतदान केन्द्रों पर हो रहा मतदाता सूची का वाचन

मडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। इसी क्रम में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर विशेष के प लगाकर मतदाता सूचियों का वाचन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त कर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत हो चुके अथवा बाहर जा चुके लोगों के नाम काटने की कार्यवाही की जा रही है। दोहरी प्रविष्टियों का सत्यापन कर उनके निराकरण किया जा रहा है। जिला, अनुविभाग एवं से टर स्तर के अधिकारी सतत रूप से पुनरीक्षण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मतदाता सूची का द्वितीय पुनरीक्षण 11 सित बर तक किया जाएगा जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने अथवा संशोधन की कार्यवाही की जा रही है।

जिले में 1040.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 2023 से 11 सित बर 2023 तक जिले में 1040.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 सित बर तक विकासखंड सिवनी में 1000.1 मि.मी, कुरई में 792.0 मि.मी., बरघाट में 1064.0 मि.मी., केवलारी 982.2 मिमी, छपारा में 942.0 मि.मी, लखनादौन में 1402.0 मिमी, धनौरा में 1087.3 मिमी एवं घंसौर में 1052.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 8320.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 11 सित बर 23 को जिले में कुल 9991.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

फ्री चर्च मिशन ट्रस्ट लखनादौन की जमीन के फर्जी नामांतरण का प्रयास

छपारा यशोः- विगत दिनों शहडोल निवासी प्रयास कुमार प्रकाश आत्मज प्रसन्न कुमार द्वारा अनाधिकृत तरीके से लखनादौन स्थित ,री चर्च ऑफ स्कॉटलैण्ड मिशन ट्रस्ट की भूमि का अनाधिकृत और अवैधानिक तरीके से नामांतरण करने की कोशिश करने और छपारा निवासी मो. रफीक खान से धोखाधड़ी करके सौदा करने और उसे मिशन की भूमि को बेचने की कोशिश करने की जानकारी समिति के सदस्यों के संज्ञान में आयी।

इस मामले में और अधिक जानकारी लेने पर सूत्रों से ज्ञात हुआ और चर्च समिति के पास इस बात के प्रामाणिक दस्तावेज भी हैं कि प्रयास कुमार प्रकाश आदतन आपराधिक प्रवृत्ति

का व्यक्ति है, और उस पर पूर्व से ही शहडोल जिला में अनेक आपराधिक और धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज है, और वह फिलहाल ज़मानत पर है। समिति के पास यह भी प्रामाणिक दस्तावेज मौजूद हैं कि प्रयास प्रकाश ने धोखाधड़ी करके संजय कॉलोनी, छपारा निवासी मो. रफीक खान पिता मो. हमीद खान से फर्जी दस्तावेज के आधार पर फ्री चर्च मिशन ट्रस्ट लखनादौन की भूमि खसरा न. 47/2/1 से 8 एकड़ भूमि का करोड़ों रुपये में सौदा करके लाखों रुपये की एडवांस राशि ले चुका है। इस प्रकरण में एक और मु य बात है कि लखनादौन राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गनवीर जो वर्तमान में छपारा में पदस्थ हैं और लखनादौन पटवारी हल्का न बर 82 मनोहर सरयाम की मिलीभगत से झूठा पंचनामा और प्रतिवेदन बनाकर नामांतरण के लिए प्रस्तुत कर दिया गया, जिसमें स्वयं क्रेता रफीक खान और उन्हीं के सहयोगी प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के हस्ताक्षर हैं, आर.आई और पटवारी द्वारा उक्त स्थान पर क़ाबिज़ मिशन स्कूल, मिशन अस्पताल और पादरी निवास और चर्च समिति के लोगों में से किसी को भी जानकारी दिये बिना और उनके हस्ताक्षर के बिना अनापत्ति भी दे दी गई है, इस मामले में आर्थिक प्रलोभन दिये जाने का सन्देह है, जिसकी लिखित शिकायत फ्री चर्च समिति द्वारा कले टर महोदय से की गई है, जिनके द्वारा जाँच का आश्वासन दिया गया है। प्रकरण फ़िलहाल सक्षम न्यायालय लखनादौन में लंबित है। प्रयास प्रकाश पर लंबित धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि यह व्यक्ति शातिर अपराधी, महाठग और भू-माफिया है, जो अपने सहयोगियों और प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के सहयोग से झूठे दस्तावेज़ बनाकर ज़मीनों का सौदा करके लोगों को ठगता है।

प्रशासन को इस मामले पर गंभीरता से विचार करके तत्काल इस महाठग की गहन जाँच कराना चाहिये ताकि यह और लोगों को न ठग सके।

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि चाईल्ड लाईन में प्राप्त प्रकरणों पर बच्चों के न पहुंचने की स्थिति में समिति स्वयं विजिट कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। चाईल्ड हेल्पलाईन के संचालन हेतु रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टेंड में चाईल्ड हेल्पडेस्क स्थापित करें।

कले टर ने निर्देशित किया कि बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, नशे में लिप्त बच्चों आदि के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री बाल आशीर्वाद योजनांतर्गत नवीन चिन्हित प्रकरणों में बच्चों के दस्तावेज प्राप्ति के लिए संबंधित विभाग सहयोग करें। डॉ. सिडाना ने निजी स्पोंसरशिप के लिए बच्चों का चिन्हांकन तथा बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों एवं योजनाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

महर्षि अरविंद घोष की जयंती समारोह का किया आयोजन

छपारा यशोः- म.प्र.जन अभियान परिषद जिला सिवनी के तत्वाधान में गत दिनों शासकीय अग्रणी महाविधालय सिवनी के सभाकक्ष में महान योगी, दार्शनिक व स्वतंत्रा सेनानी श्री अरविंद घोष तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की संयुक्त जयंती समारोह का आयोजन सौरभ शु ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, प्रोफेसर एम.सी.सनोडिया सिवनी महाविधालय, संदीप लाभांडे प्राचार्य शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज भंडारा, मोनिका चैरसिया वि.ख.समन्वयक सिवनी, अनिल चौरे वि.ख.समन्वयक छपारा, सुश्री अफशा अंजुम वि.ख.समन्वयक कुरई, बद्रीप्रसाद सनोडिया नवांकुर संस्था सिवनी एवं सुरेश देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा भारतमाता तथा अरविंदो घोष

एवं डॉ.राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना तथा उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए सौरभ शु ला ने अपने स बोधन में बताया कि देश के महापुरूषों की जन्म जयंती के कार्यक्रमों का आयोजन करना तथा उनके विचार दर्शन को आमजनों तक पहुंचाना परिषद की प्रमुख गतिविधियों में शामिल है, वर्तमान समय में हम देश के एक ऐसे महापुरूष को याद कर रहे है जिन्होने नेपथ्य मे रहते हुएभी देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान दिया। देश की आजादी हेतु लंबे समय तक चले विभिन्न आंदोलनों मे ऐसे ही न जाने कितने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए हैं, जिन्हे या तो हम जानते ही नहीं या उन्हे भुला दिए गये है। हम अपनें आने वाली पीढी को ऐसे ही अनाम,अज्ञात और नेपथ्य में चले गये महापुरूषों को याद कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित कर रहे हैं, तथा उनके जीवन दर्शन को आने वाली पीढी को अवगत कराने हेतु पूरे पखवाडे भर स पूर्ण राज्य में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मु य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर एम.सी. सनोडिया ने महर्षि अरविंदों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी महापुरूष अपने जीवन के कालखंड को जीता है और अपने युग की समग्र चेतना को नये सिरे से व्यवस्थित और रूपांतरित करता है।ऐसे ही बीसवी सदी अर्थात आधुनिक युग में श्री अरविंदो का कार्यक्षेत्र है। वे पाश्चात्य और भारतीय दर्शन के मर्मज्ञ थे। अपनी शिक्षा के दौरान एक लंबा समय इंग्लैंड में गुजारने के पश्चात अरविंद पाश्चात्य दर्शन से अत्याधिक प्रभावित थे, परंतु भारत लौटने पर उन्हे भारतीय दर्शन के बारें में भी अध्ययन और चिंतन किया और कालांतर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुडने के बाद अपना अमुल्य योगदान दिया।

इस कार्यक्रम मे रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद के प्रीसेप्टर सुरेश देशमुख, संदीप लाभांडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मंचसंचालन नवान्कुर संस्था प्रतिनिधि राहुल पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम से जुड़े सभी विधार्थीगण, एवं परामर्शदाता सर्वश्री सुधीर ठाकुर,श्वेता सोनी,धीरेन्द्र चैरसिया,कविता बेले तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से जुडे पदाधिकारीगण,नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि सहित बडी सं या में आमजन उपस्थित रहे।

शिव ही सत्य है आराधना विमोचन समारोह संपन्न

सिवनी यशोः-ऐतिहासिक मठ मंदिर सिवनी प्रांगण में मठ समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन समारोह मु य अतिथि साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ब्र ह्म र्षि मिशन जबलपुर ,स्वामी बलवंतानन्द जी परमहंस मौनी दादा आश्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथियों डो टर ढालसिंह बिसेन ,पंडित जानकी प्रसाद मिश्र ,डो टर के के चतुर्वेदी ,ओ एल शिववेदी ,अंकित मालू ,ब्र हकुमारी संस्थान से गीता दीदी वरिष्ठ साहित्यकार संपादक रमेश श्रीवास्तव चातक ,योगाचार्य नरेश मिश्रा ,डो टर ,रामकुमार चतुर्वेदी ,दुर्गा शंकर श्रीवास्तव ,से.नि.डिप्टी कले टर अयोध्या प्रसाद सोनी ,मोहन सिंह चंदेल , सौरभ शु ला ,जिला संयोजक जन अभियान परिषद् सिवनी ,जगदीश तपिश वरिष्ठ साहित्यकार के मंच सञ्चालन में संपन्न हुआ।

आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना के उपरांत समिति पदाधिकाययों द्वारा आमंत्रित अतिथियों का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भाव भीना स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा स्मारिका आराधना विमोचित की गई।इस अवसर पर संपादक रमेश श्रीवास्तव द्वारा स्मारिका में निहित विद्वजनों के आलेखों एवं जनोपयोगी जानकारी से अवगत कराया। उपस्थित वक्ताओं द्वारा शिव तत्व के परिप्रेक्ष्य में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये गए।दुर्गाशंकर श्रीवास्तव द्वारा मठ मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डाला गया ।

इस अवसर पर डो टर ढालसिंह बिसेन सांसद बालाघाट सिवनी ने समारोह को स बोधित करते हुए कहा कि अध्यात्म अपने आप में अति महत्वपूर्ण संजीवनी है जो संस्कारों को जन्म देता है जीवन को सरल और सुलभ बनाता है उन्होंने युवा पीढ़ी से इस क्षेत्र में आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया ,

साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन और उनके स्वस्थ शारीरिक मानसिक विकास से जुड़े तथ्यों का उल्लेख करते हुए योग की श्रेष्ठता को अनेकों उदाहरण के माध्यम से परिभाषित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये वहीँ स्वामी बलवंता नन्द ,जी ने योग की बारीकियों को समझाते हुए अपने जीवन में अनुसरण करने का आग्रह किया।

समारोह के अंत में योगाचार्य नरेश मिश्रा द्वारा आमंत्रित अतिथियों सहयोगियों तथा उपस्थित जनमानस के प्रति सादर आभार व्यक्त किया ।

सीएम शिवराज का एलान, अतिथि विद्वानों को मिलेगा 50 हजार रुपए वेतन, भर्ती में 25% रिजर्वेशन

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर वर्ग के लिए अपना खजाना खोल दिया है। सोमवार को मु यमंत्री ने अपने निवास पर अतिथि विद्वानों और अतिथि व्या याताओं की महापंचायत बुलाई। इसमें अतिथि विद्वानों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने कहा कि अब अतिथि विद्वानों को अब घंटे के हिसाब नहीं बल्कि मासिक वेतन दिया जाएगा।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचायत में एलान किया कि सभी शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों को कार्यदिवस की बजाय मासिक वेतन दिया जाएगा और वह 50 हजार रुपए तक होगा। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवकों के समान अवकाश की सुविधा भी मिलेगी। एक अकादमिक सत्र में अपने महाविद्यालय के स्थान पर आप जो चाहें गे आपके आसपास महाविद्यालय में स्थानांतरण की सुविधा भी दी जाएगी। सीएम ने कहा कि फालेन आउट अतिथि विद्वानों को भी फिर से रिक्त पदों पर आमंत्रित करेंगे।

10 प्रतिशत अंक दिए जाएंगे

सीएम ने कहा कि अतिथि विद्वानों को व्या याताओं के लिए पीएससी की परीक्षा में संशोधित कर 25 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अतिथि विद्वानों को अभी प्रतिवर्ष चार और अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिए जाते है। ओर पेपर 900 नंबर का होता है। इसको बढ़कर अधिकतम 10 प्रतिशत तक अंक दिए जाएंगे। इसकी व्यवस्था की जाएगी।

अतिथि विद्वानों को बाहर नहीं किया जाएगा

सीएम ने कहा कि अब कोई भी अतिथि विद्वान, व्या याता जो लगातार पढ़ाने का कार्य कर रहा है, उसका बाहर नहीं किया जाएगा। हम यह व्यवस्था बनाएंगे कि फालेन आउट की नौबत न आए, हम लगातार कार्य करते रहें। आईटीआई अतिथि प्रवक्ताओं को मानदेय बढ़ाकर 20 हजार किया जाएगा। एक अकादमिक सत्र में अपने महाविद्यालय के स्थान पर आप जो चाहें गे आपके आसपास महाविद्यालय में स्थानांतरण की सुविधा भी दी जाएगी। सीएम ने कहा कि फालेन आउट अतिथि विद्वानों को भी फिर से रिक्त पदों पर आमंत्रित करेंगे।

भंवरदा में पहुँचा 'हर घर जल'

मण्डला यशोः- जल-जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडला विकासखंड के ग्राम भंवरदा के प्रत्येक घर एवं संस्थाओं तक शुद्ध जल प्रदान करने का लक्ष्य हासिल किया गया है। इस संबंध में ईईपीएचई मनोज भास्कर ने बताया कि भंवरदा ग्राम में जल-जीवन मिशन के तहत कार्य प्रारंभ कर प्रभावी मॉनिटरिंग एवं तकनीकि सहयोग प्रदान कर कार्य को समय में पूर्ण करने का प्रयास किया गया। योजना को पूर्ण कर ग्राम के 271 परिवार, 2 स्कूल तथा 2 आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया।

निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें - डॉ. सिडाना

कले टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अध्ययन करें तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्वाचक नामावली की समीक्षा करते हुए कले टर ने 22 सितंबर तक सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में चैकलिस्ट के अनुसार बिजली, पानी, रैप, फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी, कर्मचारी ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र जाकर अनिवार्य रूप से इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की संचालन प्रक्रिया सीखें। निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त सामाग्रियों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करें। इस संबंध में आवश्यकतानुसार निविदा एवं दर निर्धारण की कार्यवाही करें। कले टर ने कहा कि निर्वाचन के संबंध में जो भी आदेश जारी हो रहे हैं उन आदेशों को समय पर तामील कराएं। निर्वाचन के प्रशिक्षण में अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना संबंधित कार्यालय प्रमुख की जि मेदारी है। बैठक में कले टर ने प्रशासनिक तैयारियों, स्वीप गतिविधियों, कानून व्यवस्था, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग, नाम निर्देशन, दल गठन, प्रशिक्षण, व्यय लेखा, क यूनिकेशन प्लान, मतपत्र मुद्रण, स्ट्रॉंग रूम व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा आदि के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

शांति समिति की बैठक आज

मंडला यशोः-गणेश उत्सव पर्व के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर 12 सितंबर 2023 को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक जिला योजना भवन में शाम 4 बजे से होगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

कॉलेज परीक्षा फीस कैशलेस डिजीटल पेमेंट जागरूकता

अंकित राशि का ही भुगतान करने छात्र हुये जागरूक

बालाघाट । महाविद्यालय में छात्रों को परीक्षा शुल्क के बारे में कैशलेस पेमेंट हेतु जारूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरूआत मोतीनगर स्थित सर्च इन्फोटेक से की गई है जो जिसमें छात्रों को फोनपे, पेटीएम, नेटबैंकिंग, यूपीआई आदि के माध्यम से जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है और उन्हें उतनी ही राशि का भुगतान करना होता है जितना रसीद पर अंकित है। अब तक सैकड़ों परीक्षार्थियों द्वारा कैशलेस माध्यम से परीक्षा फीस भुगतान के बारे जानकारी प्राप्त अपने सहपाठियों को भी इस तरह से डिजीटल पेमेंट के बारे में बताया गया है। परीक्षा फीस में भुगतान से संबंधित किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिए उे त संस्था से संपर्क किया जा सकता है। इस अभियान के संबंध में छात्राओं का कहना है कि इस प्रकार की जागरूकता से पढ़े-लिखें लोगों का जो आर्थिक शोषण होता है उस पर रोकथाम लगेगी।

नोटिस का जवाब न देने पर 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश

मंडला यशोः- कारण बताओ नोटिस का समय पर जवाब नहीं देने पर तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नैनपुर द्वारा इटका तथा गोंझी में पदस्थ बीएलओ के 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम गोंझी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ विमला जंघेला तथा ग्राम इटका की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ नाजिमा तलत खान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नोटिस प्राप्ति के तत्काल बाद जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश गए थे, किन्तु संबंधितों द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नैनपुर द्वारा दोनों के 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं।

भंवरदा में पहुँचा 'हर घर जल'

मंडला यशोः- जल-जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडला विकासखंड के ग्राम भंवरदा के प्रत्येक घर एवं संस्थाओं तक शुद्ध जल प्रदान करने का लक्ष्य हासिल किया गया है। इस संबंध में ईईपीएचई मनोज भास्कर ने बताया कि भंवरदा ग्राम में जल-जीवन मिशन के तहत कार्य प्रारंभ कर प्रभावी मॉनिटरिंग एवं तकनीकि सहयोग प्रदान कर कार्य को समय में पूर्ण करने का प्रयास किया गया। योजना को पूर्ण कर ग्राम के 271 परिवार, 2 स्कूल तथा 2 आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया। प्रत्येक घर तक पेयजल उपलब्ध होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को नल-जल योजना के संचालन का कार्य सौंपा गया है जो कि नियमित रूप से संचालन, रख-रखाव एवं संधारण का कार्य कर रही है।

प्रवासी विधायक के साथ हुई मंडला भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक

जिले के वरिष्ठ नागरिक एवं प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक आयोजित

सरपंच सहित तेरह लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता।

मंडला यशोः-भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के प्रयाग विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुरेन्द्र चौधरी मंडला विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर हैं उन्होंने मंडला नगर मंडल ग्रामीण मंडल और नैनपुर नगर मंडल की बैठक आयोजित कर संगठनात्मक कार्यो को लेकर कार्यकर्ताओं से वरिष्ठ जनों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी जी द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधियो को संगठन कार्य का विभाजन कर जो जि मेदारी सौंपी गई है उसे ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे तो निश्चित ही हर बूथ में भाजपा जीतेगी विधानसभा चुनाव के साथ हमारे सामने मिशन 2024 है इसलिए कार्यकर्ता के सामने बड़ी चुनौती है।इस मौके पर मंडला ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सूर्य कांत जघेला की मौजूदगी में ग्राम पंचायत छापरी शिलपुरी के सरपंच श्रीकांत मार्को सहित सुशील मरावी, महेश मरावी, संदीप बैरागी, दिनेश टेकाम ,नरेंद्र परते, सेव सिंह उयके, मनीराम सैयाम, पुन्नू लाल धुर्वे ,सोमारू ताराम, कल्लू पावले, गोविंद धूमकेती, राजेंद्र पवले ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया

इस अवसर पर प्रवासी विधायक सुरेंद्र चौधरी जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी विधायक देव सिंह सैयाम पूर्व राज्य सभा सदस्य श्रीमती संपतिया उइके पूर्व विधायक शिवराज शाह शिवा भैया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा मंडला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत जांघेला विधानसभा संयोजक अंजनी तिवारी जिला पंचायत सदस्य जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष झारिया किसान मोर्चा अध्यक्ष उमेश शुक्ला डॉ मुकेश तिलगाम महामंत्री टेकचंद मार्को सहित मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लोटे से पति के सिर पर बार-बार हमला कर की हत्या, पत्नी बोली- शक की आदत और मारपीट से थी परेशान

मंडला यशोः- जिले के पुलिस चौकी लिंगा क्षेत्र के ग्राम हरदुआ में एक महिला ने पीतल के लोटे से बार-बार वार कर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने महिला को गिर तार कर लिया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह पति की शक करने की आदत व मारपीट से बहुत परेशान हो गई थी। थाना कोतवाली प्रभारी शफीक खान ने बताया कि शनिवार को पुलिस को मोबाइल के जरिए सूचना मिली कि ग्राम हरदुआ में रामप्रसाद मलगाम की हत्या कर दी गई है। प्राप्त सूचना की तस्दीक के लिए चौकी प्रभारी लिंगा पोंडी टीम के साथ घटना स्थल रवाना हुए। घटना स्थल पहुंच वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए घटना स्थल का निरीक्षण किया। शव की परिस्थितियों के अवलोकन से प्रथम दृष्टतया मामला हत्या का प्रतीत हुआ। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर से धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पत्नी बोली- शक की आदत और मारपीट से थी परेशान

पुलिस विवेचना के दौरान साक्षियों, पड़ोसियों और घटना के बारे में बारीकी से पूछताछ की। जांच पड़ताल के दौरान तथ्यों के आधार पर मृतक की पत्नी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपिता ने बताया कि पति के शक करने और उसकी मारपीट से बुरी तरह प्रताड़ित हो चुकी थी। जान से मारने की नीयत से उसने खटिया के नीचे रखे पीतल के लोटे से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। महिला ने पुलिस के सामने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपित महिला को गिर तार कर न्यायालय पेश किया।

इनका रहा विशेष योगदान

कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, उप निरीक्षक अमित शर्मा, चौकी प्रभारी लिंगा पौडी, उप निरीक्षक प्रिती वर्मा, सउनि अक्षय यादव, अशोक राणा, प्रआर शिवनारायण, आर संतोष, रमेश, धननंजय वल्के, इशरार खान, रामभरोस, प्रसन्नजीत, बजेश शामिल रहें।

छात्रावासों में आयोजित की गई स्वीप गतिविधियाँ

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। इसी क्रम में जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेकेंडरी एजुकेशन मोहगांव एवं चुरी की छात्राओं द्वारा चित्रकला, स्लोगन एवं नारे के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

महात्मा गांधी मैदान में खिलाड़ियों को नहीं मिल रही जरूरी सुविधाएं

मंडला यशोः- महात्मा गांधी स्टेडियम में खिलाड़ियों को न तो मैदान का समुचित लाभ मिल पा रहा है न ही यहां उन्हें मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, सुरक्षा आदि मिल पा रही है। वर्तमान में यह खेल मैदान कीचड़ में तब्दील हो चुका है, जिसके लिए हाल ही में यहां हुए बड़े राजनैतिक कार्यक्रम को कारण बताया जा रहा है जिसके कारण पूरा ग्राउंड कीचड़ से सन गया है। कई खिलाड़ियों का कहना है कि मैदान में बाउंड्रीवाल है, दरवाजे भी हैं लेकिन इसके बाद भी आसामाजिक तत्व शाम होने के बाद मैदान में पहुंच जाते हैं और यहां शराबखोरी की जाती है खिलाड़ी हिमांश नंदा ने बताया कि स्कूल से छुट्टी होते ही वे अपने मित्रों के साथ खेल अ यास के लिए स्टेडियम ग्राउंड पहुंच जाते हैं, लेकिन आते ही अ यास शुरू करने की जगह सबसे पहले ग्राउंड में चारों तरफ बिखरे कांच के टुकड़ों की सफाई करना पड़ता है। कई बार कुछ टुकड़े रह जाने से अ यास करते समय खिलाड़ियों के पैरों में चुभ जाते हैं। इसी तरह आदर्श सोनी ने बताया कि वे अपनी साइकिल से मैदान पहुंचते हैं कुछ दिनों पहले उन्होंने मैदान में किनारे अपनी साइकिल खड़ी की थी अ यास के बाद जब वे घर लौटने लगे तो देखा कि साइकिल चोरी हो चुकी थी। कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि खेल मैदान में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त सुविधा नहीं है मु य गेट के पास जो नल लगा है वह कभी भी बंद हो जाता है। इसी तरह मैदान के एक हिस्से में शौचालय तो बना है लेकिन वहां हमेशा ताला ही लगा रहता है। साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है मेन गेट के पास जहां खिलाड़ी पानी पीने के लिए जाते हैं वहां कुछ दिनों से एक मृत श्वान पड़ा है लेकिन उसे नहीं हटाया गया है। महात्मा गांधी मैदान में रोजाना सैकड़ों खिलाड़ी खेल अ यास के लिए पहुंचते हैं, इसमें वे युवक-युवतियां भी शामिल होते हैं जो पुलिस, रेल्वे आदि की नौकरी के लिए यहां फिटनेस की तैयारी के लिए पहुंचते हैं पूर्व में इस मैदान में आए दिन राजनैतिक कार्यक्रम, मेला आदि आयोजित किए जाते थे, जिससे जहां खिलाड़ियों के खेल अ यास में व्यवधान उत्पन्न होता था तो वहीं आयोजनों के चलते मैदान में टेंट आदि लगाए जाने से पूरा मैदान खुद जाता था।

शहर के पूर्व खिलाड़ियों एवं समाजसेवियों द्वारा इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने, मैदान का उपयोग खेल गतिविधियों के अलावा अन्य आयोजनों के लिए नहीं कराने संबंधी याचिका दायर की। जिस पर न्यायालय ने खिलाड़ियों के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए महात्मा गांधी मैदान में खेल गतिविधियों के अलावा अन्य आयोजनों पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यहां तक अब यहां गणतंत्र दिवस, स्वतंत्राता दिवस के आयोजन भी नहीं होते। न्यायालय की ओर से नगरपालिका को मैदान में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया है, नपा ने आदेश का पालन आधे-अधूरे ढंग से किया कैमरे तो लगवा दिए लेकिन रिकॉर्डिंग के लिए जरूरी डीव्हीआर ही नहीं लगाई गई।

दीनदयाल स्पर्श छात्रवृति योजना के लिए आवेदन 15 सित बर तक

मंडला यशोः- भारतीय डाक विभाग फिलैटली छात्रवृति योजना 'दीन दयाल स्पर्श योजना' वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 9 तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जाएगी। छात्रवृति की राशि रुपए 6 हजार रूपए एक वर्ष के लिए होगी। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट से अथवा संबंधित प्रवर अधीक्षक डाक घर/अधीक्षक डाक घर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मंडला व डिंडोरी जिले के विद्यार्थी अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग मंडला के कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

योजना के लिए पात्रता शर्ते

आवेदक को संबंधित विद्यालय में स्थित फिलैटलीं लब का सदस्य होना चाहिए, यदि किसी विद्यालय में फिलैटली` लब नहीं है तो विद्यार्थी/प्रीतियोगी का किसी भी डाकघर में सक्रिय फिलैटली जमा खाता होना चाहिए, बिना फिलैटली जमा खाते के आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। छात्रवृत्ति की राशि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6वीं से 9वीं तक के नियमित छात्रों को वार्षिक आधार पर वितरित की जाती है। प्रतियोगी का विगत परीक्षा का परिणाम 60 प्रतिशत अथवा समांतर ग्रेड से अधिक होना चाहिए।

चयन प्रक्रिया में 2 स्तर होंगे

स्तर 1- लिखित क्विज परीक्षा 24 सितंबर 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रशन समसामयिकी, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खेल, संस्कृति प्रत्येक से 5 प्रश्न एवं स्थानीय व राष्ट्रीय फिलैटली से संबंधित क्रमशः 10 एवं 15 प्रश्न रहेंगे, लिखित क्विज की समय अवधि एक घंटा रहेगी। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र द्वारा स्थान एवं समय की सूचना दी जायेगी। लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई भी यात्रा व्यय देय नहीं होगा। स्तर 2- लिखित क्विज में चयनित विद्यार्थियों को स्तर 2 में भाग लेने हेतु फिलैटली प्रोजे ट प्रस्तुत करना होगा, फिलैटली प्रोजे ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 नव बर 2023 तक रहेगी। फिलैटली प्रोजे ट हेतु विषय अलग से सूचित किये जाएंगे। उक्त छात्रवृत्ति योजना में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर में उपलब्ध होंगे तथा निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र अन्तिम तारीख को 4 बजे तक या उसके पहले अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग मंडला के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड, स्पीडपोस्ट, साधारण डाक के माध्यम से भेजा जाना है। आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से दीनदयाल स्पर्श छात्रवृति योजना वर्ष 2023-24 लिखा हुआ होना आवश्यक है। आवेदन पत्र प्रेषित करने की समय सीमा 15 सित बर 2023 को शाम 4 बजे तक है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र पर पता नि नानुसार होगा- (अधीक्षक डाकघर, मंडला संभाग, मंडला पिन-481661) अधीक्षक डाकघर का पता अपने निकटतम डाकघर से प्राप्त किया जा सकता है।

सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0~द्वितीय चरण 16 सितंबर तक

मंडला यशोः-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण तथा मीजल्स-रूबेला वैसीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किये जाने हेतु प्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के तीन चरण आयोजित किये जाने हैं। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर 2023 तथा तृतीय चरण 9 से 14 अे टूबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक चरण 6 कार्यदिवसों में आयोजित किया जायेगा, जिसमें नियमित टीकाकरण दिवस (मंगलवार/शुक्रवार) भी सम्मिलित होंगे। अभियान अन्तर्गत टीकाकरण से वंचित 0 से 5 वर्ष आयु के ले ट-आउट/ड्रॉप-आउट बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को, आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर हेडकाउंट सर्वे उपरांत, ड्यूलिस्ट अनुसार चिन्हित कर यू-विन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन उपरांत टीकाकृत किया जायेगा।

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 22 सितंबर तक

मंडला यशोः- सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 11 सित बर से 22 सितंबर 2023 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। कले टर ने सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि शिविर में अपने कार्यालय में लंबित प्रकरण अगस्त 2023 तक के एवं पेंशन प्रकरणों में लगाई गई पूर्व आपत्ति का निराकरण कर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक लंबित पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297